# मध्यप्रदेश विधान सभा

## जुलाई-अगस्त, 2025 सत्र

## दैनिक कार्य सूची

## शुक्रवार, दिनांक 1 अगस्त, 2025 (श्रावण 10, 1947)

## समय 11.00 बजे दिन

### 1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

### 2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

**श्री इन्दर सिंह परमार, उच्च शिक्षा मंत्री,** महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय अधिनियम, 1995 (क्रमांक 37 सन् 1995) की धारा 28 की उपधारा (3) की अपेक्षानुसार महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय करौंदी, जिला कटनी (म.प्र.) का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2023-2024 पटल पर रखेंगे.

### 3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) **श्री भूपेन्द्र सिंह, सदस्य,** खुरई विधान सभा अंतर्गत मालथौन में शासकीय भूमियों पर अवैध कब्जा किये जाने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) **श्री भंवर सिंह शेखावत, सदस्य,** मध्यप्रदेश भोज (मुक्त) विश्वविद्यालय के कुल सचिव पद पर अयोग्य व्यक्ति की नियुक्ति किये जाने की ओर उच्च शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(3) **डॉ. सीतासरन शर्मा, सदस्य,** नर्मदापुरम जिले के इटारसी में न्यास कालोनी में मार्ग हेतु अधिग्रहित भूमि का मुआवजा न दिये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(4) **श्री आशीष गोविंद शर्मा, सदस्य,** खातेगांत क्षेत्र में खरपतवार कीटनाशक के प्रयोग से किसानों की सोयाबीन की फसल नष्ट होने की ओर किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(5) **श्री उमंग सिंघार, सदस्य,** मध्यप्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में अनुबंधित जय अंबे इमरजेंसी सर्विसेस द्वारा एम्बुलेंस सेवायें समय पर न दिये जाने की ओर उप मुख्यमंत्री (लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा) का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(6) **श्री बिसाहूलाल सिंह, सदस्य,** अनूपपुर जिले में हाथियों के प्रवास को रोकने एवं उनके द्वारा की गई क्षति की क्षतिपूर्ति राशि बढ़ाई जाने की ओर राज्यमंत्री वन का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(7) **श्री संजय सत्येन्द्र पाठक, सदस्य,** विजयराघोगढ़ विधान सभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन एवं जल निगम अंतर्गत आने वाले अनेक ग्रामों में पेयजल संकट से उत्पन्न स्थिति की ओर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(8) **श्रीमती झूमा डॉ. ध्यानसिंह सोलंकी, सदस्य,** खरगौन जिले में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा शिक्षकों के स्थानांतरण में अनियमितता होने से उत्पन्न स्थिति की ओर जनजातीय कार्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(9) **श्री हेमंत सत्यदेव कटारे, सदस्य,** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अंतर्गत जल जीवन मिशन में नियम विरूद्ध टेंडर संशोधन एवं सामाजिक अंकेक्षण संबंधी अनियमितताएं होने की ओर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(10) **श्री उमाकांत शर्मा, सदस्य,** विदिशा जिले के वन परिक्षेत्र लटेरी में सागौन लकड़ी की अवैध कटाई किये जाने की ओर राज्यमंत्री वन का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(11) **श्री प्रताप ग्रेवाल, सदस्य,** धार जिले के सरदारपुर में उदीयमान फुटबाल खिलाडियों के लिए सुविधाओं का अभाव होने की ओर खेल एवं युवा कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(12) **श्री नितेन्द्र बृजेन्द्र सिंह राठौर, सदस्य,** निवाड़ी जिले के जनपद पंचायत पृथ्वीपुर में मनरेगा के तहत बिना कलेक्टर की अनुमति से कार्य कराये जाने की ओर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

### 4. याचिकाओं की प्रस्तुति

(1) **श्री संजय सत्येन्द्र पाठक, सदस्य,** कटनी जिले के बकेली से गुडेहा पिपरा महानदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कराये जाने,

(2) **श्री पंकज उपाध्याय, सदस्य,** मुरैना जिले के स्कूली छात्र-छात्राओं के लिये भारत स्काउट गाइड संभागीय प्रशिक्षण केन्द्र हेतु राशि स्वीकृत करने,

(3) **श्रीमती उमादेवी लालचंद खटीक, सदस्य,** दमोह जिले के दमोह -पन्ना मुख्य मार्ग से पुरेना बक्सी गांव के प्रारंभ तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(4) **श्री वीरसिंह भूरिया, सदस्य,** झाबुआ जिले के ग्राम पलाशडोर की सुकड नदी पर बैराज का निर्माण किये जाने,

(5) **डॉ. हिरालाल अलावा, सदस्य,** धार जिले की ग्राम पंचायत कुण्डी मेहताखेड़ी में जगदीश पाटीदार के खेत के पास पुलिया निर्माण कराये जाने,

(6) **श्री ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य,** पन्ना जिले के ग्राम चंदौरा से नहरा पुल तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(7) **श्री प्रताप ग्रेवाल, सदस्य,** धार जिले के जोलाना में बालक छात्रावास एवं दत्तीगांव में बालिका छात्रावास प्रारंभ करने,

(8) **श्री राजेन्द्र भारती, सदस्य,** दतिया जिले के भाण्डेर अंतर्गत ग्राम खिरिया काडोर से दताऊली कला तक सड़क स्वीकृत करने,

(9) **श्री दिनेश जैन बोस, सदस्य,** उज्जैन जिले के ग्राम नारायणा में महाकाल लोक की तर्ज पर नारायणा लोक का निर्माण किये जाने,

(10) **श्री केदार चिड़ाभाई डावर, सदस्य,** खरगोन जिले के ग्राम खामखेड़ा से लेहकु तक सड़क निर्माण किये जाने,

(11) **श्री बिसाहूलाल सिंह, सदस्य,** अनूपपुर जिले में सिवनी सहित अन्य स्थानों पर सिंचाई की सुविधा हेतु बांध एवं स्टोरेज वेयर का निर्माण कार्य स्वीकृत करने,

(12) **श्री शैलेन्द्र कुमार जैन, सदस्य,** सागर जिले के बाघराज वार्ड में डायमंड पेट्रोल पंप के सामने वाले मोहल्ले में सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कराये जाने,

(13) **श्री अनिरुध्द (माधव) मारू, सदस्य,** नीमच जिले के अल्हेड़ बायपास एवं मातारूण्ड़ी से बलपुरा तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(14) **श्रीमती सेना महेश पटेल, सदस्य,** अलीराजपुर जिले के ग्राम मालवेली मेन रोड से काचली फल्या से गिरधा तक रोड निर्माण कराये जाने,

(15) **श्री बृजेन्द्र सिंह यादव, सदस्य,** अशोकनगर जिले के पटीघाट अंतर्गत ग्राम नीमखेड़ा में स्टॉप डेम निर्माण कराये जाने,

(16) **श्री मधु भगत, सदस्य,** बालाघाट जिले के ग्राम चांगोटोला में नवीन आई.टी.आई. प्रारंभ किये जाने,

(17) **श्री मोंटू सोलंकी, सदस्य,** बड़वानी जिले के ग्राम चाचरियापाटी एवं धनोरा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन किये जाने,

(18) **श्री अनिल जैन, सदस्य,** निवाड़ी जिले के जनौली-चंदावनी मार्ग स्थित कनेर नदी पर पुल निर्माण कराये जाने,

(19) **श्री घनश्याम चन्द्रवंशी, सदस्य,** शाजापुर जिले अंतर्गत पोलाय कलां उपमण्डी को मुख्य मण्डी का दर्जा प्रदान किये जाने,

(20) **श्री विश्वनाथ सिंह मुलाम भैया, सदस्य,** नरसिंहपुर जिले की विल्थारी-कोठिया नर्मदा तट पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण की घोषणा पूरी करने,

(21) **श्री हजारीलाल दांगी, सदस्य,** राजगढ़ जिले अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र छापीहेड़ा का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उन्नयन करने,

(22) **श्री मोहन शर्मा, सदस्य,** राजगढ़ जिले के ग्राम हिकमी में सूकड़ नदी पर स्टॉप डेम का निर्माण कराये जाने,

(23) **श्रीमती झूमा डॉ. ध्यानसिंह सोलंकी, सदस्य,** खरगोन जिले के भीकनगांव अंतर्गत शास. सीनियर उत्कृष्ट आदिवासी बालक छात्रावास की सीटें बढ़ाकर 100 किये जाने,

(24) **श्री प्रहलाद लोधी, सदस्य,** पन्ना जिले अंतर्गत शाहनगर-बोरी-चमरइया मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण कर पुन: निर्माण कराये जाने,

(25) **श्री सचिन बिरला, सदस्य,** खरगोन जिले के ग्राम काकरिया से भोगावा सिपानी तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(26) **श्री नीरज सिंह ठाकुर, सदस्य,** जबलपुर जिले के शहपुरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को सिविल अस्पताल का दर्जा प्रदान करने,

(27) **श्री सचिन सुभाषचंद्र यादव,** सदस्य, खरगोन जिले के ग्राम सगुर से पोई, भोपाडा मार्ग स्वीकृत करने,

(28) **श्री पन्नालाल शाक्य, सदस्य,** गुना जिले के ग्राम गीदखो में पुल निर्माण कराये जाने,

(29) **श्री भैरो सिंह बापू, सदस्य,** आगर मालवा जिले के सुसनेर अंतर्गत श्री कालवा बालाजी हनुमान मंदिर को पर्यटक स्थल घोषित करने,

(30) **श्री विपीन जैन, सदस्य,** मंदसौर जिले अंतर्गत शास. उच्च. मा. विद्यालय भाऊगढ़ में हायर सेकेण्डरी विद्यालय का भवन निर्माण कराये जाने,

(31) **श्री प्रणय प्रभात पांडे, सदस्य,** कटनी जिले के जमुनिया से मडा देवरी मार्ग पर केन नदी पर पुल निर्माण कराये जाने,

(32) **डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, सदस्य,** रतलाम जिले के जावरा अंतर्गत अर्धघुमन्तु व घुमन्तु समाज (बांछडा समुदाय) के लिये आवासीय विद्यालय / छात्रावास स्वीकृत करने,

(33) **श्री श्रीकान्त चतुर्वेदी, सदस्य,** मैहर जिले के एन.एच.30 से ग्राम भतरहरा पहुंच मार्ग का डामरीकृत निर्माण कराये जाने,

(34) **श्री कमलेश्वर डोडियार, सदस्य,** रतलाम जिले के ग्राम जुलवानिया में नहर पुलिया से पीएचई पंप तक सी.सी.रोड निर्माण कराये जाने,

(35) **श्रीमती अनुभा मुंजारे, सदस्य,** बालाघाट जिले के शासकीय उत्कृष्ट सीनियर कन्या छात्रावास में 50 अतिरिक्त सीटें बढ़ाये जाने,

(36) **श्री विजय रेवनाथ चौरे, सदस्य,** पांढुर्णा जिले में ग्राम पीपला नारायणबार से बानाबकोड़ा खोल नाले पर पुल निर्माण कराये जाने,

- 3 -

(37) **श्री राजेश कुमार शुक्ला, सदस्य,** छतरपुर जिले के ग्राम कोडन में बराना नदी पर पुलिया निर्माण कराये जाने,

(38) **श्री नितेन्द्र बृजेन्द्र सिंह राठौर, सदस्य,** टीकमगढ़ जिले की ग्राम पंचायत मालपीथा हाट बाजार से बिहारीपुरा तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(39) **श्री रमेश प्रसाद खटीक, सदस्य,** शिवपुरी जिले के नरवर-मगरोनी के मध्य सिन्ध नदी (पनघटा) पर नवीन पुल निर्माण कराये जाने,

(40) **श्री विक्रम सिंह, सदस्य,** सतना जिले के रामपुर बाघेलान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 10 बिस्तरीय आयुर्वेदिक औषधालय स्वीकृत करने,

(41) **श्री कामाख्या प्रताप सिंह, सदस्य,** छतरपुर जिले की ग्राम पंचायत गौरारी में पुलिया निर्माण कराये जाने,

(42) **श्री मुकेश टंडन, सदस्य,** विदिशा जिले अंतर्गत बागरी नहर डी-3 पर पुलिया निर्माण कराये जाने,

(43) **श्री रजनीश हरवंश सिंह, सदस्य,** सिवनी जिले के शासकीय महाविद्यालय छपारा एवं केवलारी में विभिन्न पाठ्यक्रम सम्मिलित कर एवं उन्नयन कराये जाने,

(44) **श्री नारायण सिंह पट्टा, सदस्य,** मण्डला जिले के ग्राम बाघण्डी में सड़क एवं गहर नाला में पुलिया निर्माण कराये जाने,

(45) **श्री जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, सदस्य,** अशोकनगर जिले की टोड़ा पंचायत रोड से भतीजा होते हुये मलाखेड़ा तक पक्की सड़क का निर्माण कराये जाने,

(46) **श्री मथुरालाल डामर, सदस्य,** रतलाम जिले के भारत स्काउट गाईड जिला प्रशिक्षण केन्द्र अमलेटा के विकास हेतु राशि स्वीकृत करने,

(47) **श्री केशव देसाई, सदस्य,** भिण्ड जिले के भारत स्काउट गाईड जिला प्रशिक्षण केन्द्र के लिये राशि स्वीकृत करने,

(48) **श्री मोहन सिंह राठौर, सदस्य,** ग्वालियर जिले के ग्राम पैरा में उत्तम सिंह के घर से शमशान घाट के मध्य स्थित नाले पर पुलिया/रपटा निर्माण कराये जाने,

(49) **श्री यादवेन्द्र सिंह, सदस्य,** टीकमगढ़ जिले में डाईट कुण्डेश्वर अंतर्गत साहित्य के क्षेत्र में "देव पुरूस्कार" बसंतोत्सव आयोजित किये जाने,

(50) **श्री सोहनलाल बाल्मीक, सदस्य,** छिन्दवाड़ा जिले के ग्राम कुण्डाली खुर्द से मानकादेही तक मार्ग निर्माण कराये जाने,

(51) **श्री कैलाश कुशवाहा, सदस्य,** शिवपुरी जिले के ग्राम ककरौआ केदार के कुआ से ग्राम मानिकपुर की ओर मिट्टी मुरम निर्माण कार्य स्वीकृत करने,

(52) **श्री प्रदीप अग्रवाल, सदस्य,** दतिया जिले के सेंवढ़ा अंतर्गत माता रतनगढ़ मार्ग पर भगुवापुरा से मंदिर तक बिजली / प्रकाश व्यवस्था करने,

(53) **श्री बृज बिहारी पटैरिया, सदस्य,** सागर जिले के विद्युत सब-स्टेशन भुसौरा एवं सहजपुर की क्षमता बढ़ाने/उन्नयन करने,

(54) **श्री दिनेश राय मुनमुन, सदस्य,** सिवनी जिले के ग्राम ठरकाखेड़ा से ग्राम पिपरिया मार्ग में पुलिया/पुल निर्माण कराये जाने,

(55) **श्री शरद जुगलाल कोल, सदस्य,** शहडोल जिले की माईनर केनाल को शासन के रिकार्ड में दर्ज कर नहर के किनारे सड़क निर्माण कराये,

(56) **श्री गोपाल सिंह इंजीनियर, सदस्य,** सीहोर जिला अंतर्गत ग्राम भौंरासा में पपनास नदी के सतनगरी घाट पर स्नान घाट निर्माण कराये जाने,

(57) **श्री साहब सिंह गुर्जर, सदस्य,** ग्वालियर शहर के वकील का पुरा जलालपुर वार्ड क्र. 63 में सामुदायिक भवन निर्माण कराये जाने,

(58) **डॉ. सतीश सिकरवार, सदस्य,** ग्वालियर शहर के वार्ड क्र. 60 में हुरावली आवासीय स्कूल से मुरार नदी तक एवं सचिन तेन्दुलकर रोड के पास से हरनामपुरा बजरिया तक नाला निर्माण कराये जाने,

(59) **श्री सुरेश राजे, सदस्य,** ग्वालियर जिले की ग्राम पंचायत नाथ के डेरा से शेकरा जागीर तक डामरीकृत सड़क का निर्माण कराये जाने,

(60) **श्री अमर सिंह यादव, सदस्य,** राजगढ़ नगर में बायपास रोड स्वीकृत किये जाने,

(61) **श्री हेमंत सत्यदेव कटारे, सदस्य,** भिण्ड जिले के ग्राम रमटा से मजरा वघेलन का पुरा (रमटा) तक पहुंच मार्ग का निर्माण कराये जाने,

(62) **श्री अभय मिश्रा, सदस्य,** रीवा जिले की सुकवार एवं बगढ़ा दुबे शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालयों का हाई स्कूल में उन्नयन किये जाने,

(63) **श्री दिलीप सिंह परिहार, सदस्य,** नीमच जिले की बरखेडागुर्जर से सोकड़ी तक डामरीकृत सड़क का निर्माण कराये जाने,

(64) **डॉ. रामकिशोर दोगने, सदस्य,** हरदा जिले की रैसलपुर मेन मार्ग से ग्राम झिरी की ओर सड़क निर्माण कराये जाने,

(65) **श्री ऋषि अग्रवाल, सदस्य,** गुना जिले के ग्राम विशनवाड़ा में पुलिस चौकी / थाना स्थापित किये जाने,

(66) **श्री आतिफ आरिफ अकील, सदस्य,** भोपाल शहर के नगर निगम द्वारा राजस्व कर, जल दर की बढ़ोत्तरी को कम करने,

(67) **श्री राजन मण्डलोई, सदस्य,** बड़वानी जिले के ग्राम देखालिया में वेणी नदी पर पुल का निर्माण कराये जाने,

(68) **श्रीमती कंचन मुकेश तनवे, सदस्य,** खण्डवा जिले के वन स्टॉप सेन्टर से निष्कासित आउटसोर्स कर्मचारियों की बहाली कराये जाने,

(69) **श्री बाला बच्चन, सदस्य,** बड़वानी जिले के अभाली से जखाह व्हाया उमरदा मार्ग का निर्माण कराये जाने,

(70) **श्री उमाकांत शर्मा, सदस्य,** विदिशा जिले की लटेरी जनपद पंचायत कार्यालय भवन का निर्माण स्वीकृत करने,

(71) **कुँवर अभिजीत शाह, सदस्य,** हरदा जिले के हरदा नगर में पुलिस द्वारा आमजन पर किये गये लाठीचार्ज की निष्पक्ष न्यायिक जांच एवं कठोरतम कार्यवाही करने,

(72) **इंजीनियर हरिबाबू राय, सदस्य,** अशोक नगर जिले के वजीतपुर से सोनेरा मार्ग पर पुल निर्माण करने,

(73) **श्री कालु सिंह ठाकुर, सदस्य,** धार जिले के ग्राम नागझिरी में प्राथमिक विद्यालय की बाउण्ड्रीवॉल स्वीकृत करने,

(74) **श्री राजेश कुमार वर्मा, सदस्य,** पन्ना जिले में मन्नी खिरवा मार्ग से ग्राम बमुरहा को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण कराये जाने,

(75) **श्री दिनेश गुर्जर, सदस्य,** मुरैना जिले की ग्राम पंचायत गिरगोनी सहित अनुदान प्राप्त शालाओं के भवनों की मरम्मत, शिक्षकों की व्यवस्था तथा शालाओं का नियमित संचालन कराये जाने,

(76) **श्रीमती चंदा सुरेन्द्र सिंह गौर, सदस्य,** टीकमगढ़ जिले के ढिमरपुरा घूरा से ग्राम टौरी तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(77) **श्री विवेक विक्की पटेल, सदस्य,** बालाघाट जिले के ग्राम कोसते से सिकंदरा रोड पर स्थित नाले पर पुलिया निर्माण कराये जाने,

(78) **श्रीमती छाया गोविन्द मोरे, सदस्य,** खण्डवा जिले के पंधाना में पं. दीनदयाल उपाध्याय पालिटेक्निक कॉलेज खोले जाने,

(79) **डॉ. राजेश सोनकर, सदस्य,** देवास जिले के ग्राम जलेरिया एवं अन्य ग्रामों में जाने हेतु पिलिया खाल पर नवीन पुल का निर्माण करने,

(80) **इंजीनियर प्रदीप लारिया, सदस्य,** सागर जिले के ग्राम घुआ से मैहर तक सड़क निर्माण कराये जाने,

(81) **श्री फूलसिंह बरैया, सदस्य,** दतिया जिले के भाण्डेर अंतर्गत ग्राम दसापुर से पिपरौआ तक ग्रेवल रोड स्वीकृत करने,

के संबंध में याचिकाएं प्रस्तुत करेंगे.

## 5. वक्तव्य.

**श्री गोविन्द सिंह राजपूत, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री,** दिनांक 24 जुलाई, 2019 को पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या 78 (क्रमांक 3549) के उत्तर में संशोधन किये जाने के संबंध में वक्तव्य देंगे.

## 6. नियम 139 के अधीन अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय पर चर्चा का पुनर्ग्रहण ....

प्रदेश में लगातार कम होते भू-जल स्तर एवं परंपरागत जल संग्रहण संरचनाओं के सतत् समाप्त होने से उत्पन्न स्थिति के संबंध में चर्चा .... (क्रमश:)

निर्धारित समय

## 7. अशासकीय संकल्प

(1) **श्री संजय सत्येन्द्र पाठक, सदस्य,** निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे -

30 मि. "सदन का यह मत है कि कटनी जिले के तहसील विजयराघवगढ़ के ग्राम कारीतलाई के कर्णपुरा में स्थित 5 वीं सदी के प्राचीन विष्णु वराह मंदिर को राष्ट्रीय पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जावे.".

(2) **श्रीमती अर्चना चिटनिस, सदस्य,** निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगी -

30 मि. "यह सदन केन्द्र सरकार से अनुरोध करता है कि भोपाल से भुसावल रेल मण्डल के मध्य एक नई ट्रेन या मेमू ट्रेन शुरू की जाए.".

(3) **श्री गोपाल सिंह इंजीनियर, सदस्य,** निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे -

30 मि. "यह सदन केन्द्र सरकार से अनुरोध करता है कि सीहोर से आष्टा होते हुये देवास तक नई रेल लाईन स्वीकृत की जाय.".

(4) **डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह, सदस्य,** निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे -

30 मि. "सदन का यह मत है कि मैहर जिले के जिला मुख्यालय भवन का प्रस्तावित स्थान मैहर कटनी रोड, पोंडी ग्राम रखा गया है, इसके स्थान पर मैहर अमरपाटन के मध्य चयन किया जाय.".

ए. पी. सिंह
प्रमुख सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 31 जुलाई, 2025